# अशोक नगर




नवभारत
भोपाल, शुक्रवार, 20 फरवरी, 2026

# एमएसपी की गारंटी के लिए आज सड़कों पर उतरेंगे किसान

## संयुक्त किसान मोर्चा की ट्रेक्टर–बाइक रैली और आमसभा, अमेरिका की ट्रेड डील का करेंगे विरोध

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर। संयुक्त किसान मोर्चा के तत्वावधान में निकाली जा रही किसान जागृति यात्रा के शुक्रवार अशोकनगर आगमन पर विशाल ट्रैक्टर-बाइक रैली और आमसभा का आयोजन किया जाएगा।** इसे लेकर मोर्चा के कार्यकर्ता गांव–गांव पहुंचकर किसानों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील कर रहे हैं। तैयारियों के तहत मोर्चा पदाधिकारियों ने तुमैन, आमखेड़ा, जलालपुर, सिकंदरा, देहरदा, नगेश्री, मुल्लाखेड़ी, बेरखेड़ी सहित कई गांवों में जनसंपर्क कर किसानों को आंदोलन के उद्देश्य समझाए।



आयोजकों का दावा है कि जिले और आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों ट्रैक्टर और बाइक के साथ किसान रैली में शामिल होंगे, जिससे शहर में किसान एकजुटता का बड़ा प्रदर्शन देखने को मिलेगा। रैली सुबह 11 बजे त्रिदेव मंदिर (विदिशा रोड) से प्रारंभ होकर सेन चौराहा, नया बस स्टैंड और राजमाता चौराहा तक निकलेगी, जहां आमसभा आयोजित की जाएगी। सभा में राष्ट्रीय स्तर के किसान नेता किसानों को संबोधित करेंगे, जिनमें सरदार जगजीत सिंह डल्लेवाल (पंजाब), शांताकुमार (कर्नाटक), पीआर पाण्डियन (तमिलनाडु), अभिमन्यु कुहाड़ (हरियाणा), इंद्रजीत पन्नीवाला (राजस्थान) और नितिन वाल्यान (उत्तर प्रदेश) शामिल हैं। जिला मीडिया प्रभारी राजिद अहमद ने बताया कि किसान जागृति यात्रा कन्याकुमारी से कश्मीर तक चल रहे राष्ट्रव्यापी अभियान का हिस्सा है। इसका मुख्य उद्देश्य एमएसपी की कानूनी गारंटी लागू कराना, किसानों की आय और फसल मूल्य सुनिश्चित करना तथा केंद्र सरकार की अमेरिका से हुई ट्रेड डील का विरोध दर्ज कराना है। मोर्चा के अनुसार, किसानों की लागत, कर्ज और समर्थन मूल्य जैसे मुद्दों पर सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए यह आंदोलन चलाया जा रहा है। संगठन ने सभी किसानों से ट्रैक्टर और बाइक के साथ रैली में शामिल होकर अपनी एकता और ताकत दिखाने की अपील की है। इस देशव्यापी यात्रा के दौरान संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा किसानों से 19 मार्च को नई दिल्ली के रामलीला मैदान होने वाले प्रदर्शन में शामिल होने की अपील भी की जा रही है।

## हर्षोल्लास से मनाया विदाई समारोह

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर ।** बरोदिया स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय में कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों के सम्मान में भावपूर्ण एवं गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही, जिससे पूरा वातावरण उमंग और आत्मीयता से भर गया। समारोह की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत से हुई। इसके पश्चात कनिष्ठ विद्यार्थियों ने अपने वरिष्ठ साथियों के सम्मान में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें गीत, नृत्य और प्रेरक संदेशों ने सभी का मन मोह लिया। विद्यालय के प्रभारी अशोक बाबू शर्मा ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए अनुशासन, परिश्रम और सदाचार को सफलता की कुंजी बताया। शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों के विद्यालयीन जीवन की यादें साझा कर उन्हें आगामी परीक्षाओं और जीवन की चुनौतियों के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने अपने अनुभव व्यक्त करते हुए विद्यालय और शिक्षकों के प्रति आभार जताया। कई छात्र–छात्राएं भावुक भी नजर आए। कार्यक्रम के अंत में स्मृति–चिन्ह भेंट कर विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया तथा समूह छायाचित्र लेकर इन यादगार पलों को संजोया गया।

## भाजपा जिलाध्यक्ष बोले मप्र बजट ऐतिहासिक

**अशोकनगर।** भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने वर्ष 2026–27 के मध्यप्रदेश के बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए इसे प्रदेश के विकास की दिशा में ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम बताया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा प्रस्तुत यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक ठोस आधार प्रदान करता है। यह बजट ज्ञान मॉडल गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी के सशक्तिकरण पर केंद्रित है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जनता पर कोई नया कर नहीं लगाया गया है और न ही किसी जनकल्याणकारी योजना में कटौती की गई है। कृषि क्षेत्र के लिए कृषक उन्नति योजना में 5,500 करोड़ रुपए का प्रावधान, 1 लाख सोलर सिंचाई पंपों का वितरण, 1 लाख हेक्टेयर में प्राकृतिक खेती का लक्ष्य तथा 25,000 करोड़ रुपए के कृषि ऋण का लक्ष्य किसानों को आर्थिक मजबूती प्रदान करेगा। साथ ही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए किसानों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा।

## एक नजर में



### मुख्य सचिव द्वारा कलेक्टर -कमिश्नर कॉन्फ्रेंस के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा

**अशोकनग।** मुख्य सचिव अनुराग जैन द्वारा गुरुवार को वीडियों कान्फ्रेंस के माध्यम से कलेक्टर–कमिश्नर कांफ्रेंस के बिन्दुओं के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। समीक्षा बैठक में कलेक्टर साकेत मालवीय, पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर डी एन सिंह सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि सुशासन के अंतर्गत लोक सेवा गारंटी, सीएम हेल्पलाइन,एमपी ई सेवा पोर्टल, नामांतरण बटवारा, फार्मर आईडी, ई ऑफिस प्रणाली, स्वामित्व योजना की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने नल जल योजनाओं की सफल क्रियान्वयन, पीएम जनमन योजना अंतर्गत कार्यों की प्रगति के संबंध में निर्देशित किया। ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत रोजगार गारंटी के क्रियान्वयन की प्रगति के संबंध में निर्देश दिए। बैठक में सूक्ष्म एवं लघु उद्योग, कामधेनु योजना के तहत बैंकों से ऋण प्रकरणों की स्वीकृति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान कानून व्यवस्था के तहत जोनल प्लान अनुसार कार्यवाही की जाए। अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण के प्रकरणों में भुगतान, जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक के आयोजन के संबंध में समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए।




### वरिष्ठ नागरिकों के लिए योग शिविर आयोजित

**अशोकनगर।** आयुष विभाग एवं सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण विभाग के संयुक्त तत्वधान मे वरिष्ठ नागरिको के लिये 19 एवं 20 फरवरी को दो दिवसीय नियमित योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पहले दिन गुरुवार को आयुष विभाग द्वारा शिविर का आयोजन जिला आयुष अधिकारी डॉ उपेंद्र रघुवंशी के निर्देशानुसार वृद्धा आश्रम बाईपास रोड अशोकनगर में किया गया। शिविर मे डॉ दीपक रघुवंशी आयुर्वेद चिकित्सक द्वारा वरिष्ट जनों को नियमित योग करने वाले सूक्ष्म आसनों की जानकारी दी व योगो का अभ्यास कराया। डॉक्टरों व योग प्रशिक्षको के अनुसार, नियमित रूप से प्राणायाम, सूर्य नमस्कार और विभिन्न आसनों का अभ्यास करने से हृदय रोग, मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों का खतरा कम होता है। इस अवसर पर डां. सचिन जैन, डॉ नीलेश डॉ धर्मेंद्र, डॉ अमृता, द्वारा वृद्ध जनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं पैरामेडीकल स्टाफ द्वारा दवा वितरण किया गया। आयुष विभाग के योग प्रशिक्षक एवं सहायकों द्वारा योगाभ्यास कराया गया आदि उपस्थित रहे।

# माधौगढ़ बना अवैध शराब का गढ़, दबिश टीम पर हमला

## आबकारी विभाग की टीम पहुंची थी अवैध शराब के ठिकानों पर, गुलेल से मारकर किया घायल

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** जिले का माधौगढ़ ग्राम अवैध शराब के लिए में प्रचलित हो गया है, तो वहीं आए दिन हो रहीं कार्रवाईयों से प्रतीत होता है यह गांव अवैध शराब बनाने का गढ़ बन गया है। जिस पर लगातार पुलिस एवं आबकारी विभाग द्वारा की कार्रवाई की जा रहीं है और अवैध शराब के ठिकाने का ध्वस्त करने के साथ ही मौके पर मिले लाहान को नष्ट किया जा रहा है।



गुरूवार को आबकारी विभाग ग्राम माधौगढ़ में नदी किनारे अवैध शराब के ठिकाने पर दबिश देने पहुंचा, तो वहां पर टीम पर हमला हो गया। इस दौरान शराब का बनाने वालों ने गुलेल से हमला किया, जिसमें उप निरीक्षक सुरेश सिंह रघुवंशी को गर्दन व पेट में लगे। हालांकि टीम ने ग्रामीणों के विरोध के बाद भी कार्रवाई की। टीम ने नदी में पहुंचकर देखा तो शराब बनाने के लिए लहान तैयार किया जा रहा था। भट्टियां भी जलती हुई मिली। नदी में व झाड़ियों में 3 हजार लीटर लहान मिला, जिसे नष्ट किया गया। 18 लीटर हाथ भट्टी शराब जब्त की है। इन सभी की कीमत 4 लाख 78 हजार रुपए के करीब है।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर के निर्देश पर जिले में करीला मेले के आसपास के क्षेत्रों में लगातार गश्त और सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत वृत्त अशोकनगर की आबकारी टीम ने माधौगढ़ के नदी तट और आसपास की झाड़ियों में छापा मारा। यह शराब आगामी करीला मेले में खपाने के उद्देश्य से तैयार की जा रही थी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि करीला मेला खत्म होने तक अवैध शराब के विरुद्ध यह अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



**लोहे और प्लास्टिक की 15 टंकियों में भरा था लाहन:**

छापेमारी के दौरान टीम को 9 लोहे की टंकियों और 6 प्लास्टिक टंकियों में भरा कुल 3 हजार लीटर महुआ लाहन मिला। इसके साथ ही 18 लीटर हाथभट्टी शराब भी बरामद की गई। अधिकारियों ने पंचनामा बनाकर लाहन को मौके पर ही विधिवत नष्ट करा दिया। कार्रवाई के दौरान सहायक आबकारी अधिकारी आजाद सिंह आर्य के निर्देशन में प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक सुरेश सिंह रघुवंशी ने टीम के साथ यह कार्रवाई की। अभियान में आबकारी आरक्षक अजय सिंह तोमर, वैजन्ती खरे, शिवानी भिलाला और नगर सैनिकों का सहयोग रहा।

**पुलिस एवं आबकारी विभाग लगातार कर रहा कार्रवाई:**

कुछ समय पहले भी पुलिस ने इसी क्षेत्र में भारी मात्रा में लाहन नष्ट कर अवैध शराब बरामद की थी। पुलिस की उस कार्रवाई के बावजूद आरोपियों ने कुछ ही दिनों में फिर से नदी किनारे अवैध शराब बनाने का कारोबार शुरू कर दिया था। जिसके बाद आबकारी विभाग ने दशिब देते हुए कार्रवाई की और आरोपियों पर मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) एवं 34 (एफ) के तहत तीन प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

# बीना नागदा ट्रेन को पुराने समय पर करने व बीना रूठियाई मेमू ट्रेन के चार फेरे प्रारंभ करने की मांग

नवभारत न्यूज

**शाढ़ौरा।** गुना–बीना रेलखंड पर मेमू ट्रेन के चार फेरे पुन: प्रारंभ करने की मांग को लेकर सुनील आचार्य ने रेल मंत्री को विस्तृत पत्र भेजा है। जिसमे उल्लेख किया गया है कि कोरोना काल से पूर्व गाड़ी संख्या 51607/51608/51609/51610 (बीना–गुना बीना) प्रतिदिन चार चक्कर लगाती थी और इसे बीना - गुना रेलखंड की लाइफलाइन माना जाता था। इस ट्रेन के माध्यम से यात्रियों को बीना जंक्शन से भोपाल, झांसी, ग्वालियर, दिल्ली, जबलपुर, इंदौर एवं कोटा जैसे प्रमुख शहरों के लिए सुगम कनेक्टिविटी मिलती थी। कोरोना के दौरान इसका संचालन बंद कर दिया गया था। बाद में बीना–गुना मेमू ट्रेन संख्या 61611/61612 प्रारंभ की गई, लेकिन वर्तमान में यह केवल एक ही फेरा लगा रही है। ज्ञापन में बताया गया है कि दोपहर 12:20 बजे के बाद बीना से गुना के लिए कोई उपयुक्त ट्रेन उपलब्ध नहीं है, जिससे अपडाउन करने वाले कर्मचारियों, विद्यार्थियों, मजदूरों और व्यापारियों को अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।




**चार फेरे संचालित करने से होने वाले विस्तृत लाभ:**

पत्र में कहा गया है कि बीना–गुना रेलखंड हजारों परिवारों की आजीविका, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ी जीवनरेखा है। अत: मेमू 61611/61612 के पूर्ववत चारों फेरे शीघ्र प्रारंभ किए जाने की मांग की गई है, ताकि क्षेत्रीय आवश्यकता की पूर्ति के साथ–साथ रेलवे को भी दीर्घकालिक लाभ मिल सके।

सुनील आचार्य ने पत्र मे लिखा है गाडी संख्या 19341/42 ,बीना नागदा गाडी को पूर्व समय अनुसार संचालित किया जाये आचार्य ने बताया कि उक्त गाडी पूर्व मे बीना से सुबह 4 बजे चलकर गुना सुबह 7 बजे आकर व्यावरा सुबह 10 बजे पहुंच जाती थी जिससे सभी वर्ग का यात्री लाभान्वित था परन्तु वर्तमान मे उक्त गाडी को बीना से सुबह 7 बजे करने से सभी वर्ग का यात्री परेशान है यात्रियो की मांग है उक्त गाडी को पूर्व समयानुसार संचालन किया जाए ।

# अमन और शांति का संदेश देता है इस्लाम : मुफ्ती

**रमजान के पहले रोजे पर मस्जिदों में रही भीड़**

**जामा मस्जिद में मुफ्ती साहब ने दी दकरीर**



नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** रमजान का मुबारक महीना प्रारंभ होते ही पहले रोजे के दिन जिलेभर की मस्जिदों में नमाजियों की खासी भीड़ लगी रही। इस दिन वे लोग भी मस्जिद पहुंचे जो साल भर नमाज से दूर रहते हैं, जिसके कारण मस्जिदों में पैर रखने भी जगह नही मिली। जामा मस्जिद में नमाज पढ़ाने से पहले मुफ्ती मोहम्मद आमिर साहब ने बताया कि रमजान का पहला असरा दस रोजे का जो रहमत का है वह शुरू हो गया है। रमजान मुबारक की आमद के मौके पर अपने विशेष संदेश में कहा कि रमजान मुबारक वह पवित्र और बरकत वाला महीना है। जिसमें अल्लाह ताआला ने इंसानियत की सबसे बड़ी नेमत कुरआन मजीद नाजिल फरमाया , उन्होंने कहा कि इरशाद ए बारी तआला है, मजान वह महीना है जिसमें कुरआन नाजिल किया गया। जो लोगों के लिए हिदायत है। रमजान मुबारक नेकियों की बाहर और रहमतों का खजाना है। इसमें महीने में जन्नत के दरवाजे खोल दिए जाते है और जहन्नुम के दरवाजे बंद कर दिए जाते है, जिसने ईमान और सबाब की नियत के साथ रमजान के रोजे रखे, उसके पिछले तमाम गुनाह माफ के दिए जाते हैं।

जब मोमिन रब से अपनी और अपने खानदान के लिए दुआ मगफिरत करता है तो अल्लाह तआला की रहमत उसे अपने आगोश में ले लेती है और रबत आला दुआ कुबूल फरमा लेता है। उन्होंने कहा कि इबादत इमारत की तरह है ईमान बुनियाद का मांनिद है। इस्लाम मजहब अल्लाह पर ईमान लाना है और अल्लाह के रसूल हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि बसल्लम के अहकामे शरीअत को दिल से तस्लीम करना ।

### जनगणना - 2027 के संबंध में जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक आयोजित

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में गुरूवार को जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना 2027 को पूर्णत: डिजिटल मोड में संपादित करने से संबंधित प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की गई तथा सभी कार्य निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर डी.एन सिंह,सहित समिति के सदस्यगण एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## धर्म-कर्म

### सत्यनारायण की कथा के साथ कराया गया कन्याभोज

# शिव–विवाह के बाद दशमानी का कार्यक्रम संपन्न



नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर गुरुवार को शिव विवाह की दशमानी बड़े धूमधाम और उत्साह के साथ उठाई गई। इस दौरान जहां मंदिर पर श्री सत्यनारायण का कथा का वचन महेंद् मिश्रा ने किया गया। तो वहीं सभी शिव भक्तों द्वारा पुजारी किशन लाल मिश्रा ने शिव महिमा का गायन किया। जिस शिव शंकर के सामने काल भी नहीं आ सकता, उसको महाकाल कहते है। शिव विवाह उत्सव में गुरूवार को राजा हिमाचल की भूमिका निभाने डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करके दूल्हा बने शिव शंकर की आरती उतारी। वहीं विमान पर विराजमान करके माता पार्वती के साथ विदाई की रस्म निभाई गई। तो वहीं दशमानी के अवसर पर कन्या भोजन करवाया और ब्राह्मण दक्षिणा दी गई। इस अवसर पर विमान में विराजमान शिव–पार्वती को ढोल नगाड़ो के साथ तुलसी सरोवर तालाब ले जाया गा, जहां उन्हे विधिवत पूजन अर्चना कर विसर्जन किया गया।



# जीवन में अहंकार आना दुख का कारण है : यशवंत

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** कबीरा रोड़ स्थित श्री बांसाखेड़ी श्री हनुमान मंदिर पर श्रद्धालुओं द्वारा राम कथा का आयोजन कराया जा रहा है। जिसके दूसरे दिन कथा व्यास पंडित यशवंत मिश्रा ने कहा कि रामायण का संपूर्ण अर्थ है राम जी के चरित्र देखने का दर्पण हैघ। इसको सुनने एवं समझने से राम जी की मर्यादा दिख जाती है। यह कथा बासाखेड़ी मंदिर पर तो बैठी है पर आपके हृदय में बैठ जाए तो व्यास जी के प्रयास सफल हो जाएंगे। वहीं उन्होंने कथा का प्रसंग सुनते ही उन्होंने कहा कि भगवान की कृपा से नारद जी ने कामदेव पर विजय प्राप्त कर ली, लेकिन उस पर क्रोध भी नहीं किया, यानी कि काम और क्रोध को तो जीत लिया। लेकिन उन्हें अहंकार हो गया और उन्होंने यह बात शिव शंकर को सुनाई तो, उन्होंने विष्णु भगवान को सुनाने से मना कर दिया। लेकिन नारद जी नहीं माने और उन्होंने भगवान विष्णु को भी सुना दिया। तो हमारे लिए किसी कार्य की जीत के बाद में अहंकार नहीं होना चाहिए। आजकल लोग कोई पद मिल जाने के बाद ढोल नगाड़े बजवाते हैं कि हमारी जीत हुई, यही सबसे बड़ा दुख का कारण है। दर्शन के बाद प्रदर्शन नहीं करना चाहिए, नारद जी मात खा गए और भी विवाह के लिए आतुर होकर रोने लगे बे इस बात को भूल गए कि मैंने कामदेव को जीता है यही तो उनकी हार निकली और भगवान से थोड़ी देर बाद प्रार्थना करने लगे मुझे आपका रूप चाहिए, ताकि मेरा विवाह हो जाए किसी भी कार्य को जीत करके उसको पचा लेना ही जीत होती है।



**न्यायालय–श्रीमान शुभम द्विवेदी प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड अशोकनगर जिला अशोकनगर मप्र**

प्रकरण क्र.आर.सी.एस.ए. 214/2025

रामलाल - वादी

**बनाम**

जनसाधारण आदि – प्रतिवादीगण

प्रतिवादीजन की उपस्थिति वावत प्रकाशन हेतु रामलाल पुत्र ववुआ उर्फ बबरा उर्फ बबर जाति हरिजन निवासी ग्राम सिरसी पछार तहसील व जिला अशोकनगर मप्र के द्वारा बाद बास्ते गुमशुदा ववुआ उर्फ बबरा उर्फ बबर जाति हरिजन निवासी ग्राम सिरसी पछार तहसील व जिला अशोकनगर जो कि बर्ष 2007 से गुमशुदा है को मृत घोषित किये जाने वावत प्रमाण पत्र हेतु वाद प्रस्तुत किया गया है। जिसमें आगामी तारीख पेशी 20/02/2026 नियत है।

अत: उक्त विज्ञप्ति के माध्यम से जनसाधारण को आपत्ति हेतु इस न्यायालय में नियत दिनांक 20/02/2026 को सुबह 10:00 बजे प्रकरण सुनवाई व अपने पक्ष समर्थन हेतु उपसंजात हाजिर रहने के लिये इस प्रकाशन के द्वारा आहूत किया जाता है कि उक्त समय व दिनांक को आप स्वयं या अन्य किसी प्लीडर, अभिभाषक द्वारा उपसजात हो सकते है जो इस प्रकरण से सम्बन्धित सारवान प्रश्नो का उत्तर दे सके जिसे सम्यक अनुदेय दिये गये हो। उक्त बतायी गई तारीख व समय को न्यायालय में उपंसजात नही होगे तो प्रकरण में सुनवाई कर निराकरण आपकी अनुपसिथति में किया जावेगा नियत दिनांक को यदि अवकाश या पीठासीन अधिकारी के अवकाश पर होने की दशा में प्रकरण अगले कार्य दिवस में लिया जावेगा। मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से आज दिनांक 29/01/2026 को जारी किया गया।

**व्यवहार न्यायाधीश**
**कनिष्ठ खण्ड अशोकनगर मप्र**